के.वि.आई.आई.टी.कानपुर

केंद्रीय विद्यालय आई.आई.टी. कानपुर की स्थापना वर्ष 1965 में भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान कानपुर के प्रांगन में की गयी। केंद्रीय विद्यालय आई.आई.टी. कानपुर की विगत वर्षो की कुछ उपलब्धियां निम्नवत हैं –

केंद्रीय विद्यालय आई.आई.टी. कानपुर के 05 शिक्षकों को Incentive Award से सम्मानित हुए हैं। के.वि. आई.आई.टी. के अनेक विद्यार्थी विदेश में शैक्षिक भ्रमण अपनी योग्यता के कारण सम्पादित कर चुके हैं। विगत वर्षों में इस विद्यालय के सुयश तिवारी नासा के कार्यक्रम के अंतर्गत अमेरिका के शैक्षिक भ्रमण पर गए थे। इसके साथ ही साथ आद्रा पट्टथ एवं शारदीया मंडल ने वर्ष 2022 में गोथे इंस्टिट्यूट के सौजन्य से जर्मनी का शैक्षिक भ्रमण संपन्न किया। विद्यालय के अति होनहार छात्र ओम उपाध्याय ने वर्ष 2022 में श्रीलंका, वर्ष 2023 में जापान तथा जर्मनी का शैक्षिक भ्रमण का विद्यालय का नाम रौशन किया। इसके अतिरिक्त ओम उपाध्याय ने ब्रह्म प्रकाश मेमोरियल मटेरियल क्विज-2022 एवं 2023 में कलपक्कम कर्णाटक में प्रतिभाग लिया।

इस विद्यालय की नंदिता पाल ने राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में वर्ष 2022 व 2023 में क्रमशः 600मीटर व 1500 मीटर रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया तथा SGFI में स्टैंड बाय में स्थान मिला। इस विद्यालय के सूरज कटियार ने राष्ट्रीय खेलकूद परतियोगिता में वर्ष 2022 तथा 2023 में ऊंची कूद में क्रमशः स्वर्ण पदक व कांस्य पदक प्राप्त किया तथा SGFI हेतु स्टैंड बाय सूची में स्थान मिला। इस विद्यालय की छात्रा दिव्यांशी ने राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में वर्ष 2022 व 2023 में डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में क्रमशः रजत पदक व स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा SGFI हेतु चयनित की गयीं।

वर्ष 2022-23 में विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता को प्रमाणित करते हुए कतिपय छात्रों ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ओम उपाध्याय को गणित व संस्कृत में वर्ष 2021-22 की परीक्षा में, आद्रा पट्टथ को संस्कृत व जर्मन में, रितेश जितेन्द्र देशमुख को विज्ञान एवं जर्मन भाषा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। सत्र 2022-23 कि अखिल भारतीय माध्यमिक शिक्षा की परीक्षा में बिपसना भट्टाचार्य ने अंग्रेजी संस्कृत एवं AI में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की नंदनी आर.किटे, तोतिनी राय चौधरी एवं शाश्वत मिश्र ने संस्कृत में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। युग चौहान एवं हरित्रा श्रवनन ने AI में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए इसी प्रकार अखिल भारतीय वरिष्ठ माध्यमिक प्रमाणपत्र में अनुश्रुति सूर्यवंशी ने अंग्रेजी भाषा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

PIANO PERFORMANCE OF OM UPADHYAYA-

https://drive.google.com/drive/folders/1JkANLpum2X-3Lqy9MZ_IAHcyS4mScXvc?usp=sharing